संख्या- 99 **/688/**चार-**2023-19(**बजट)/**2017**

प्रेषक,

रघुनाथ प्रसाद वर्मा,
अनु सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय,उ**0**प्र**0**,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभागः लखनऊः दिनांक 11 मार्च**, 2023**

विषयः- रामगढ़ताल परियोजना गोरखपुर स्थित मुक्ताकाशी मंच के अनुरक्षण व सुधार आदि कार्यों का कार्यपूर्ति प्रमाण-पत्र का प्रेषण एवं योजना की अवशेष धनराशि अवमुक्त करने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-**4110/**सं**0**नि**0-1(39)/2004-ii** दिनांक **27.02.2023** के संदर्भ मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रामगढ़ताल परियोजना गोरखपुर स्थित मुक्ताकाशी मंच के अनुरक्षण व सुधार आदि कार्यों की परियोजना की अनुमोदित लागत के सापेक्ष अवशेष धनराशि रु**0 19.45** लाख (रुपया उन्नीस लाख पैंतालीस हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है।

2- शासनादेश संख्या-**62/2018/864/**चार-**2018-19(**बजट)/**2017** दिनांक **29** मार्च **2018** तथा शासनादेश संख्या-**150/2018/3489/**चार-**2018-19(**बजट)/**2017** दिनांक **14** दिसम्बर**, 2018** में उल्लिखित शर्ते यथावत रहेंगी।

3- उपर्युक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष **2022-23** में अनुदान संख्या-**92** के अन्तर्गत लेखाशीर्षक **4202-**शिक्षा**,** खेलकूद**,** कला तथा संस्कृति पर पूंजीगत परिव्यय-**04-**कला तथा संस्कृति--**800-**अन्य व्यय-**40-**रामगढताल परियोजना स्थित मुक्ताकाशी मंच के अनुरक्षण हेतु-**24-**वृहत निर्माण कार्यमद के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त(आय-व्ययक) अनुभाग-**1** के कार्यालय ज्ञाप संख्या- **13/2022/**बी-**1-454/**दस-**2022-231/2022** दिनांक **07,** जून**, 2022** में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
(रघुनाथ प्रसाद वर्मा)
अनु सचिव।

संख्या- 99 / **688(1)/**चार-**2023-19(**बजट)/**2017** एवं तददिनांकित

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम**,** उ**0**प्र**0** प्रयागराज।
(2) निदेशक**,** संस्कृति निदेशालय**,** जवाहर भवन**,** लखनऊ।
(3) वित्त नियंत्रक**,** संस्कृति निदेशालय।
(4) मुख्य कोषाधिकारी**,** जवाहर भवन लखनऊ।
(5) वित्त लेखा अनुभाग-**1/**वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-**7**।
(6) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(रघुनाथ प्रसाद वर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।